राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर
बी-39, सरदार पटेल मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

Rajasthan Nursing Council, Jaipur
B-39, Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur - 302001

राजस्थान सरकार
Government of Rajasthan

क्रमांक: आरएनसी/एनरोलमेंट/2026/2327 दिनांक: 15/04/2026

प्रधानाचार्य,

समस्त राजकीय एवं निजी स्कूल ऑफ नर्सिंग

राजस्थान।

विषय:- जीएनएम प्रशिक्षण सत्र 2024-25 के प्रशिक्षणार्थियों के ऑनलाइन एनरोलमेंट बाबत।

उपरोक्त विषयन्तार्गत लेख है कि जीएनएम प्रशिक्षण सत्र 2024-25 के प्रशिक्षणार्थियों की मुख्य परीक्षा आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त के क्रम में आप द्वारा सत्र 2024-25 के सभी प्रशिक्षणार्थियों के ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल पर एनरोलमेंट किया जाना है एवं निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर निम्नानुसार दस्तावेज़ अपलोड किया जाना है:-

- 10वी की मूल अंकतालिका की पीडीएफ़।
- 12वी की मूल अंकतालिका की पीडीएफ़।
- निदेशक(अराजपत्रित), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जयपुर द्वारा जारी प्रवेश पत्र(Allotment Letter) की प्रमाणित प्रति।
- जाति प्रमाण पत्र की पीडीएफ़।

अतः उपरोक्त समस्त दस्तावेज़ संलग्न कर दिनांक 16.04.2026 से 28.04.2026 तक ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल पर एनरोलमेंट हेतु आवेदन किया जाना एवं निम्न प्रारूप में प्रशिक्षणार्थियों की सूची मय निर्धारित एनरोलमेंट फीस का **रजिस्ट्रार राजस्थान नर्सिंग काउंसिल, जयपुर** के नाम का डिमांड ड्राफ्ट भिजवाया जाना सुनिश्चित करें:-

S No.	Candidate Name	Father Name	Mother Name	12th Board Name	Fee Amount

यदि किसी संस्थान को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय की अध्यधीन छात्र आवंटन किया गया है तो उक्त संस्थान संबन्धित माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग(ग्रुप-3) के आदेश की प्रति एवं निदेशक(अराजपत्रित), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, जयपुर के आदेश की प्रति राजस्थान नर्सिंग कौंसिल को भिजवाकर सूचित करते हुए कार्यवाही करें। उक्त तिथि के पश्चात एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी, जिसकी समस्त ज़िम्मेदारी संस्था प्रधान की होगी।

पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावे।

संलग्न: कार्यालय आदेश क्रमांक 1949 दिनांक 23.07.2025

(जोईस कुरियन)
रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग काउंसिल
जयपुर

राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर
बी-39, सरदार पटेल मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

Rajasthan Nursing Council, Jaipur
B-39, Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur - 302001

राजस्थान सरकार
Government of Rajasthan

क्रमांकः–प.06(20)आरएनसी / जीबी बैठक / 2025 / 1949 दिनांक : 23/07/2025

कार्यालय आदेश

राजस्थान नर्सिंग कौंसिल की गवर्निंग बोर्ड की बैठक दिनांक 16 जुलाई, 2025 के एजेण्डा संख्या 22 में लिये गये निर्णय अनुसरण में राजस्थान नर्सिंग कौंसिल द्वारा जीएनएम / एएनएम पाठ्यकमों में प्रवेशित छात्रों का एनरोलमेन्ट किये जाने पर निम्नानुसार एनरोलमेन्ट फीस निर्धारित किये जाने की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है :–

क्र.स.	बोर्ड / विशविद्यालय / नर्सिंग कौंसिल का नाम	नामांकन शुल्क	पात्रता शुल्क	कुल शुल्क
1.	मा. शिक्षा बोर्ड राज. अजमेर से योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण छात्र	460 / –	शून्य	460 / –
2.	उक्त के अलावा अन्य बोर्ड / विश्वविद्यालय / नर्सिंग कौंसिल से योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण छात्र	460 / –	600 / –	1060 / –

उक्त आदेश जीबी बैठक दिनांक 16 जुलाई, 2025 से प्रभावी होगे।

(जोईस कुरियन)
रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर

क्रमांकः–प.06(20)आरएनसी / जीबी बैठक / 2025 / 1949 दिनांक : 23/07/2025

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, निदेशक (जन स्वास्थ्य) एवं पदेन अध्यक्ष, आरएनसी, जयपुर।
2. लेखा / शैक्षणिक अनुभाग, राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर।
3. समस्त GNMTC/ANMTC राजस्थान जयपुर को सूचनार्थ।

4.. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर

Tel.: +91 141 2222923 | Fax: +91 141 2222099 | Website : www.rncjaipur.org | E-mail : rncjaipur@gmail.com